## खबर संक्षेप

### सांसद के प्रयासों से मरीज को मिली आर्थिक सहायता राशि

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से मरीज को आर्थिक सहायता राशि मिली है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सांसद श्री साहू के निवेदन पर मरीज को 45 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मोहगांव कुहिया निवासी विनोद पिता बुद्धू सानिया ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया था। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री श्री यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज के इलाज के लिए आर्थिक सहायता दी जाने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान निधि से 45 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। उक्त राशि मिलने पर मरीज एवं परिजन ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

### पुलिस ने सात लोगों को किया गिरफ्तार, बहुत दिनों से मिल रही थी शिकायत

# पुलिस ने मारी रेड: मसाज पार्लर की आड़ में चल रहा था देह व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जिले में देह व्यापार अच्छे तरीके से फल फूल रहा है। कई नाबालिग लड़कियां भी इस व्यापार के गिरफ्त में है। देह व्यापार चलाने वाले ज्यादा अमीर घर के युवाओं को अपनी गिरफ्त में लेते हैं। कई बार ये युवा ब्लैकमैलिंग का भी शिकार होते है। समय समय पर ऐसी कई खबरें आई कि युवा महिलाओं की ब्लैकमेलिंग का शिकार हुए है। पुलिस भी निरंतर कार्रवाई करते हुए अपना काम बखूबी कर रही है और इसी श्रृंखला में मंगलवार को देह व्यापार के अड्डे पर पुलिस ने रेड मारकर देह व्यापार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। ग्राहक के रूप में पहुंची पुलिस ने रंगे हाथ आपत्तिजनक स्थिति में सिवनी के दो युवाओं को पकड़ा है।






शहर के परासिया रोड स्थित एक दो मंजिला भवन में संचालित ओसिन थाई स्पा की आड़ में अनैतिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस ने मंगलवार को स्पा सेंटर पर दबिश देकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। इस दौरान स्पा संचालक, मैनेजर, दो युवतियों और दो ग्राहकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवक सिवनी जिले के रहने वाले है, जबकि युवतियां मणिपुर और असम की बताई जा रही है। पुलिस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी स्पा में मसाज की आड़ में अनैतिक कार्य कराए जा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राहकों को स्पा के अंदर भेजने से पहले उनका मोबाइल फोन चैक किया जाता था, ताकि कई वीडियो या सबूत न बनाए जा सके। मंगलवार को कुछ युवक मसाज के नाम पर गलत उद्देश्य से स्पा पहुंचे। पुलिस को खबर लगी और तत्काल कार्रवाई करते हुए रेड मारी गई। पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें जबलपुर निवासी स्पा संचालक रामगोपाल पिता विजय कुमार, राजस्थान निवासी स्पा मैनेजर पृथ्वीराज चौहान, सिवनी निवासी दो ग्राहक दीपक चौधरी और दिनेश भगत शामिल है। इसके साथ ही एक मणिपुर की और एक असम की युवती को भी हिरासत में लिया गया है। एएसपी आयुष गुप्ता ने बताया कि स्पा की आड़ में अनैतिक गतिविधयों की सूचना मिलने के बाद टीम ने दबिश देकर मौके से संचालक मैनेजर, दो युवतियों और दो ग्राहकों को गिरफ्तार कर लिया है।

# कलेक्टर ने सुनी 122 आवेदकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 122 आवेदकों की समस्यायें सुनी ।

इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से नक्शा दुरूस्त करने, सीमांकन कराने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आवासीय पट्टा दिलाने, पेंशन दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया।



जनसुनवाई के दौरान एक आवेदन वार्ड क्रमांक 8 उंटखाना छिंदवाड़ा निवासी भैयालाल डेहरिया एवं अन्य पांच लोगों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस प्रकरण में ग्राम तेन्दूखेड़ा, तहसील परासिया की भूमि खसरा नंबर 183/1 रकबा 2.186 हेक्टेयर के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) परासिया द्वारा पारित अपील आदेश क्रमांक 0057/अपील/2023-24 दिनांक 19 जुलाई 2024 का पालन कर खाते से नाम पृथक करने की मांग की गई। आवेदकों ने बताया कि न्यायालय का आदेश पारित होने के बाद भी खाता पृथक नहीं हुआ है, जिसके चलते वे बार-बार आवेदन दे रहे हैं। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम परासिया को तत्काल आदेश का अमल कराने के निर्देश दिए गए।

### मधुमक्खी का न प्राकृतिक आपदा में शामिल नहीं

प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक अन्य मामले में नगर परिषद बरकुही क्षेत्र की एक महिला आदेवक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें बताया गया कि उनके पुत्र संजय कुमार की 07 सितम्बर 2023 को मधुमक्खी के काटने से मृत्यु हो गई थी। वह परिवार का मुख्य पालनकर्ता था तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा था। उक्त आवेदन का परीक्षण करने पर यह पाया गया कि मधुमक्खी के काटने की घटना ‘प्राकृतिक आपदा’ की श्रेणी में राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के अनुसार नहीं आती, क्योंकि मधुमक्खियाँ सामान्यतः जहरीली नहीं होतीं और इस प्रकार की घटना व्यक्तिगत स्तर की दुर्घटना मानी जाती है। इस तरह के पूर्व प्रकरणों में राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव एवं प्रदेश राहत आयुक्त द्वारा मार्गदर्शन भी दिया गया है। अतः नियमानुसार इस प्रकरण में अनुदान सहायता स्वीकृत नहीं की जा सकती। यह जानकारी आवेदिका को प्रदान की गई।

### पांढुर्णा में जन सहभागिता से चल रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

**छिन्दवाड़ा।** पांढुर्णा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण को लेकर लगातार जनजागरूकता गतिविधियाँ की जा रही हैं। मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा, जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन और विकासखण्ड समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे के मार्गदर्शन में यह अभियान जन सहयोग से गति पकड़ रहा है।

हाल ही में ग्राम गुजरखेड़ी में परिषद के कार्यकर्ताओं ने तालाब की सफाई कर श्रमदान किया और ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए अपने घरों के सामने सोखता गड्ढा बनाने की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों को जल संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में परामर्शदाता श्री श्याम कुमार दलवी, वर्षा खुरसंगे तथा सीएमसीएलडीपी के छात्र मंगेश गजभिए, रोशन पोतदार, धीरज राऊत सहित कई ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# सांसद ने मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री से किसानों एवं डूब प्रभावित गांवों के लिए मांगा स्पेशल पैकेज

### सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति के लिये की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से मुलाकात करते हुए छिन्दवाडा सिंचाई काम्पलेक्स परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति के लिये स्पेशल पैकेज की मांग एवं मोहगांव जलाशय के अंतर्गत किसानों को हो रही परेशानियों एवं उनकी मांगों को लेकर चर्चा की।



उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से मुलाकात के दौरान उन्हें बताया कि संसदीय क्षेत्र छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के अंतर्गत बहुउद्देशीय परियोजना छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना की स्वीकृति प्राप्त है। इस योजना की जल भराव क्षमता 651.33 मि.घ.मी. है, जिससे छिंदवाड़ा, जुन्नारदेव, मोहखेड़, बिछुआ, चौरई, उमरेठ, सौंसर एवं पांढुर्णा विकासखण्डों की 190500 हेक्टेयर सिंचाई प्रस्तावित है। इस परियोजना से सिंचाई के अतिरिक्त समीपवर्ती क्षेत्रों के पीने के पानी की समस्या हेतु पेयजल, औद्योगिक उपयोग एवं विद्युत उत्पादन हेतु जल सुरक्षित रखने का प्रावधान है।

उन्होंने मुख्यमंत्री एवं जल संसाधन मंत्री को बताया कि इस योजना में कुछ बाधाएं आ रही है, जिसे शासन स्तर पर हल किया जा सकता है। जिसके अंतर्गत परियोजना में पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन प्रस्तावित है जिसके लिए स्पेशल पैकेज की स्वीकृति शासन स्तर से लंबित है। परियोजना से वन भूमि प्रभावित हो रही है।

## प्रस्ताव में शामिल हो , जनहित के मुद्दे : नेता प्रतिपक्ष

**परासिया :** परासिया नपा में नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने आगामी परिषद की बैठक में जनहित के मुद्दे शामिल किए जाने की मांग की है । उन्होंने इसको लेकर एस डी एम और कलेक्टर को पत्र भी लिखा है । श्री बहादुर का कहना है , कि आगामी परिषद की सामान्य बैठक में जनहित से जुड़े निम्न मुद्दों को शामिल किया जाकर उन पर चर्चा के बाद निर्णय लिया जाना चाहिए । ये वे मुद्दे हैं , जिनका प्रभाव सीधे जनता पर पड़ेगा । उनके अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ - साथ पेयजल का संकट भी बढ़ता जा रहा है । इसलिए इस पर चर्चा होकर सकारात्मक निर्णय लेना अत्यावश्यक है । वर्ष 2025 - 26 की बाजार वसूल को लेकर चर्चा , 24 फरवरी 2023 को परिषद की बैठक पर पुनर्विचार , चर्चा एवं निर्णय , आगामी परिषद की बैठक की विडियो ग्राफी हो और उसके फुटेज सभी पार्षदों को दिए जाए । नपा की ओर से एक व्यक्ति विशेष के द्वारा जारी किए जा रहे नोटिस एवं एन ओ सी पर चर्चा व निर्णय , नपा द्वारा बनवाए जा रहे फ्लेक्स पर चर्चा व निर्णय , नगर में हो रहे निर्माण कार्यों पर चर्चा व निर्णय , 9 अप्रैल 2025 को हुई बैठक में प्रस्ताव क्रमांक 2 पर पुनर्विचार पर चर्चा व निर्णय लिया जाना जनहित में अत्यावश्यक है ।

# 3 चढी भट्टियों सहित 4000 किलो महुआ लहान नष्ट

### ग्राम उमरीकला, जाटलापुर तथा बिछुआसानी परिसर में नालों में के अड्डों पर दी दबिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज जिले के आबकारी विभाग द्वारा ग्राम उमरीकला, जाटलापुर तथा बिछुआसानी परिसर में नालों में स्थित अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई। इस दबिश में 3 चढी हुई भट्टियां, 4000 किलो महुआ लहान तथा 30 लीटर महुआ निर्मित हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की गई। विभाग ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कारवाई के के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार नागेश, आ. अमृत खवसे, मुकेश कुमार एवं श्रद्धा रहांगडाले उपस्थित रहे।

### चित्रकला और क्विज के जरिए दिया जागरूकता का संदेश

**छिन्दवाड़ा।** जिले के कैलाश नगर स्थित पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा में आज 22 अप्रैल 2025 को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्रीमान वन संरक्षक महोदय श्री मधु व्ही राज सर के निर्देशानुसार, वनमण्डलाधिकारी पूर्व छिंदवाड़ा श्री एल.के.वासनिक के मार्गदर्शन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल के समन्वय से आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपवनमंडलाधिकारी श्री भारत सोलंकी, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मनीषा मिश्रा, समस्त शिक्षकगण तथा वन परिक्षेत्र छिंदवाड़ा के स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, भाषण तथा कविता पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पृथ्वी दिवस मनाने के उद्देश्यों, इसके इतिहास, पर्यावरण संरक्षण के उपायों तथा उन गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई जो पृथ्वी को नुकसान पहुंचाती हैं।

# सिवनी को पानी दिया ठीक, पर यह परम्परा कतई ना बनें

### एक कर्मचारी वॉल्व खोलकर पानी छोड़ता है उसे भाजपा के सांसद ने झूठी वाहवाही लूटने का जरिया बना लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राजीव कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सिवनी जल संसाधन विभाग की लापरवाही का खामियाजा जनता को भुगतना ना पड़े। संजय सरोवर (भीमगढ़ जलाशय) में पानी की कमी बताकर चौरई के माचागोरा जलाशय से 35 एमसीएम पानी सिवनी जिले के भीमगढ़ जलाशय के लिए छोड़ा जा रहा है। पेयजल हेतु सिवनी जिले को पानी दिया ठीक बात, किन्तु यह परम्परा ना बनें। स्थानीय स्तर पर ही पेयजल के स्थाई स्त्रोत खोजे जाएं इस पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए।

आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए चौरई विधायक सुजीत चौधरी ने कहा कि बालाघाट संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद व अन्य भाजपा जनप्रतिनिधियों के दबाव में आकर सिवनी जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने सिंचाई के लिए बालाघाट को अत्याधिक पानी की सप्लाई दी। ग्रीष्मकाल में पेयजल हेतु पानी का संग्रहण नहीं रखा। परिणाम स्वरूप सिवनी की जनता को पेयजल के लिए भटकना व परेशान होना पड़ रहा है। ठण्ड के दिनों में जब पानी छोड़ जा रहा था जब सिवनी जिले के भाजपाई नेता सोए हुए थे, उन्होंने जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। जनता के लिए पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है इसका विरोध नहीं है, किन्तु यह परम्परा ना बनें। क्योंकि भविष्य में माचागोरा जलाशय से छिन्दवाड़ा जिले के 711 गांव में पेयजल की आपूर्ति की जानी है साथ ही एक निश्चित मात्रा का पानी संकटकाल के लिए रखा जाता है वह भी माचागोरा जलाशय में शेष रहना चाहिए, क्योंकि छिन्दवाड़ा नगर निगम एवं चौरई नगर में माचागोरा जलाशय से पानी दिया जाता है।



### सामान्य प्रक्रिया पर सांसद लूट रहे झूठी वाहवाही

प्रदेश व देश के किसी भी जलाशय से पानी छोड़ना एक सामान्य प्रक्रिया है जिसे वहां का सम्बंधित विभागीय कर्मचारी करता है, किन्तु छिन्दवाड़ा सांसद ने इसे झूठी वाहवाही लूटने का जरिया बना लिया। जनसेवा नहीं बल्कि राजनीति चमकाने में जुटे छिन्दवाड़ा के भाजपा सांसद से यह अपेक्षा है कि उन्होंने जिस गति से सिवनी जिले को पानी देने के लिए वॉल्व खोला उसी गति से इन परियोजनों को भी पूरा करें साथ ही मप्र के सीएम व स्वयं उन्होंने डूब क्षेत्र के किसानों के लिए चुनाव पूर्व जो घोषणा की थी उसे भी पूरा करें। कमलनाथ के मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल में स्वीकृति प्रदान की गई -जमुनिया माइक्रो एरिगेशन से जिले के 27 गांव सिंचित होना है यह कार्य आज भी पूरा नहीं हो पाया। -पेंच माइक्रो एक से 30 गांव सिंचित होना है, किन्तु आज दिनांक तक यह कार्य भी पूरा नहीं हुआ जिसके चलते इन क्षेत्रों के किसानों को परियोजना का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है।

# ब्राम्हण प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ

**छिंदवाड़ा।** ब्रह्म समाज कल्याण मंडल छिंदवाड़ा के मागदर्शन में ब्रम्ह समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा सामाजिक क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिए ब्रम्ह समाज प्रीमियर लीग (**BSPL**) का शुभारंभ विवेकानंद कॉलोनी के पास स्थित टर्फ में हुआ। इस बीसीपीएल लीग में 12 टीम भाग ले रही है। लीग के शुभारंभ समारोह ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस दौरान विजेता एवं उपविजेता ट्रॉफी का अनावरण हुआ। इस दौरान ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल के अध्यक्ष



विजय पांडे, प्रमोद शर्मा, कन्हैया शर्मा, संदीप अग्निहोत्री, विजय आनंद दुबे, राकेश दुबे, किशन शुक्ला, नंदकिशोर तिवारी, अंशुल शुक्ला, मंगतूराम शर्मा, अनिता तिवारी, विभूति दुबे, पारुल पांडे, अंजना त्रिपाठी, मिथलेश शुक्ला, विनीता शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन के प्रथम दिवस चार मैच खेले हुए। मैच के अंतराल में पारिवारिक मनोरंजक खेलो का लुफ्त भी दर्शकों ने उठाया । इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति देखी गई। कार्यक्रम का संचालन श्रांत चंदेल द्वारा किया गया जबकि मैच के अपम्यार अभिषेक ठाकुर, शुभम खेरवाड़ी, अर्चित दाढ़े, स्कोरर सूरज चरपे, संतोष कहार एवं कॉमेंटेटर विनोद जोशी एवं ऋषभ स्थापक रहे।मैच परिणाम1दादा साई बोरवेल ने सिद्धिविनायक स्पोर्ट्स को 4 विकेट से हराया।मैच परिणाम2ब्राम्हण टाइगर्स ने U2 जिमखाना को 10 रनो से हराया।मैच परिणाम3शिवाय इंफ्रा ने महाराजास को 32 रनो से हराया।मैच परिणाम4परशुराम योद्धा ने नटराज को 7 विकेट से हराया।पहला मैच सिद्धिविनायक स्पोर्ट्स व दादा साई बोरवेल के मध्य खेला गया ।जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए सिद्धिविनायक स्पोर्ट्स ने 8 ओवर में 3 विकेट पर 86 रन बनाए।जवाब में दादा साई बोरवेल ने 87 रनों के लक्ष्य को 5.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।दूसरा मैच ब्राह्मण टाइगर्स व U2 जिमखाना के मध्य खेला गया।

### मंगलीबाजार और हनोतिया में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंचे सांसद

# युवाओं को संस्कृति से जोड़ने का माध्यम बन रही भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आज की युवा पीढी को धर्म और संस्कृति से जोडे रखने का माध्यम भागवत बन रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हिंदुत्व मजबूत हुआ है, पांच सौ सालों के इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर बना, काशी में भोलेनाथ का मंदिर बना, यह बात मंगलीबाजार वार्ड क्रमांक 21 में आयोजित भागवत कथा में पहुँचे सांसद बंटी विवेक साहू ने श्रध्दालुओं के बीच कही।

सोमवार शाम सांसद श्री साहू कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होने व्यास पीठ का पूजन और कथा वाचक का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नागरिकों के आशीर्वाद से पहली बार छिंदवाड़ा जिले का बेटा जिले का सांसद बना है। आज की युवा पीढ़ी को भटकाने के लिए विदेश की संस्कृति हावी हो रही है। भागवत बदलाव का माध्यम है। इसके माध्यम से धर्म संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।



### कार्यक्रमों में यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक नत्थनशाह कवरेती, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरीश्चंद्र अग्रवाल, परासिया मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी, राजकुमार सिंह, सज्जू तिवारी, विश्वेन्द्र बैस,नगर पालिका अध्यक्ष जुन्नारदेव रमेश सालोड़े, जुन्नारदेव मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अमरदीप राय,नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया कुमरे, सभापति राजेन्द्र सूर्यवंशी, भाजपा नेता शरद कूररोलिया, विजय सूर्यवंशी, विनोद कहार सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रध्दालुजन उपस्थित थे।

मंगलीबाजार पहुँचे सांसद बंटी विवेक साहू का क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने उन्हें कथा स्थल तक ले गए। जहां पर सांसद श्री साहू ने व्यास पीठ में कथावाचक रामानुजाचार्य का स्वागत कर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं सांसद श्री साहू जुन्नारदेव के वार्ड नंबर 14 व 15 हनोतिया में स्थित बटकेश्वर शिव मंदिर में भगवान शंकर की शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुँचे जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया।

### क्षेत्र में जोरों से फल फूल रहा अवैध प्लाटिंग का धंधा, नहीं की जा रही कार्रवाई

# अवैध प्लाटिंग से भू माफिया हो रहे मालामाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

जिले के चौरई में दशकों से प्रशासन की अनदेखी के चलते अवैध कालोनियों का कारोबार खूब फलफूल रहा है। जिम्मेदार अफसर आंख बंद कर बैठे हैं। जिले के चौरई में काटी कालोनियों में विकास प्राधिकरण की अनुमति की बात तो छोड़िए, यहां राजस्व संहिता की धारा-80 का भी उल्लंघन किया गया है। हालात यह है कि कृषि भूमि में अवैध प्लाटिग व निर्माण तक करा दिए गए। हालांकि जिलाधिकारी ने प्रकरण को संज्ञान लेकर अवैध कालोनियों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए हैं। राजस्व टीमों का गठन करने के साथ ही इन अवैध कालोनियों की पड़ताल शुरू कराई जाएगी। इसके लिए आज से टीमों का गठन किया जाएगा। छिंदवाड़ा जिले के चौरई में जमीन के खेल में माफिया करोड़पति बन चुके हैं। कृषि भूमि की एकड़ में खरीदारी कर माफिया ने स्क्वायर फीट के हिसाब से बिक्री कर डाली। इसमें न तो विकास प्राधिकरण से अनुमति ली गई और न ही मानकों का पालन किया गया। गैर कृषि उपभोग के लिए राजस्व संहिता की धारा-80 का भी पालन भी नहीं किया गया है। किसानों से एकड़ के दामों में जमीन की खरीदारी हुई और फिर प्लाटिग का खेल शुरू कर दिया गया। जिले के चौरई मे छिंदवाड़ा रोड, सिवनी रोड,चाँद रोड, सीतापार रोड अमरवाड़ा रोड, हतौड़ा रोड,छिंदवाड़ा- सिवनी बायपास समेत विभिन्न क्षेत्रों में कालोनियां काटी गई हैं। इनमें बड़ी संख्या में कालोनियां अवैध हैं। जिला प्रशासन की सख्ती के बाद चौरई में पिछले तीन साल पहले कुछ एक कालोनियों पर बुलडोजर भी चलाया गया था, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से हालात वही हो गए। जिलाधिकारी शीलेन्द्र सिंह ने अवैध कालोनियों पर शिकंजा कसने के लिए माइक्रो प्लानिग करते हुए एसडीएम को टीमों का गठन करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद जिले में निकाय व ग्रामवार टीमों का गठन करने का कार्य शुरू हो चुका है। जिला अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि अवैध कालोनियों पर सख्ती के साथ अंकुश लगाया जाएगा। काटी गई अवैध कालोनियों की जांच कराई जा रही है। जिले में ग्राम व निकायवार टीमों का गठन करने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद युद्धस्तर पर कार्रवाई शुरू होगी।

**इनका कहना है**

जिलाधिकारी की ओर से निर्देश मिले हैं। राजस्व टीमों का गठन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न बिदुवार जांच कराकर निर्देशानुसार कार्रवाई शुरू कराई जाएगी।

**प्रभात मिश्रा एस डी एम चौरई**

## आश्रम, मंदिर और हिन्दू धर्मावलंबियों पर अत्याचार बन्द हो, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने महामहिम राष्ट्रपति जी , प्रधानमंत्री जी के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर आश्रम , मंदिर और हिन्दू धर्मावलंबियों पर अत्याचार रोकने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि हिन्दू मताधिकार के कारण आज भाजपा केंद्र सरकार में है । पर यह भी एक कटु सत्य है कि जितना अत्याचार हिंदुओं पर हो रहा है उतना कभी नहीं हुआ । जिसमें पालघर मे साधुओं की हत्या , सनातन संस्कृति के रक्षक निर्दोष सन्त श्री आशारामजी बापू को फर्जी केस में जेल में रखना , पश्चिम बंगाल से हिंदुओं का पलायन , राजस्थान में कई मंदिरों को तोड़ा जाना प्रमुख है । गुजरात में भाजपा लगभग 27 वर्षों से सत्तारूढ़ है । हाल ही में वहाँ की सरकार ने पूज्य बापूजी के मोटेरा आश्रम की जमीन खाली करने का नोटिस दिया है। कारण बताया गया कि मोटेरा स्टेडियम के पास एक बड़ा ओलंपिक स्टेडियम बनाना है । आश्रम प्रबंधन के पास जमीन के सारे वैध दस्तावेज उपलब्ध हैं । इसके पूर्व भी गुजरात सरकार ने आश्रम विरोधी गतिविधियों को अन्जाम दिया है ।

## ग्राम लोहारबतरी में चल रही भागवत कथा, महाप्रसादी आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

क्षेत्र के ग्राम लोहारबतरी में स्व श्री शंकर सिंह एवं स्व श्रीमति उर्मिला चंदेल की स्मृति में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक श्री कृष्णकुमार पांडे जी महाराज के मुखारविंद से कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे क्षेत्रवासी धर्मावलंबी। ईश्वर रूपी कथाओं के श्रवण से ही मानव जीवन का उत्थान एवं कल्याण होता है ग्रामवासियों द्वारा ऐसे धार्मिक आयोजन कर धर्म के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया जाना सराहनीय है।ग्रामवासियों एवं विजेंद्र दीक्षित ने क्षेत्र वासियों से कथा श्रवण करने के लिए आत्मीय निवेदन किए। कथा 17 अप्रैल से शुरू हुई है जो कि आज महाप्रसादी के उपरान्त विश्राम होगी।

## कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंची अनेक समस्याएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज यहां कलेक्टर जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा अनेक शिकायतें आवेदन के रूप में दी गई। कलेक्टर अजय देव शर्मा द्वारा इन शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित विभागों की ओर निराकरण के लिए भेजा गया।

नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे द्वारा शासकीय लाल बहादुर शाला माशा को यथावत रखने, प्रेमचंद खुराना द्वारा खेत में मकानों का गंदा पानी छोडने की शिकायत, बाबासाहेब अंबेडकर जयंती समारोह समिति अध्यक्ष ने तीन शेर चौक पर स्थित डॉ. अंबेडकर पार्क के इर्द गिर्द स्थित अतिक्रमण को हटाए जाने, हिमेश कसलीकर द्वारा अपनी कृषि भूमि में जाने आने का रास्ता रोके जाने, महेंद्र द्विवेदी सौंसर द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने तथा अनेक शिकायतें आज कलेक्टर जनसुनवाई में नागरिको ने प्रस्तुत की।

## तामिया में मनाया पृथ्वी दिवस



**तामिया।** 55 वां विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया और पर्यावरण के स्वास्थ्य के प्रति भावी पीढ़ी को जागरूक किया गया आज 22 अप्रैल 2025 को श्रीमान वन संरक्षक, श्री मधु व्ही राज सर के निर्देश अनुसार एवं श्रीमान वनमण्डलाधिकारी महोदय पश्चिम छिंदवाड़ा, श्री साहिल गर्ग सर के और उपवनमंडलाधिकारी तामिया श्री हरीशचंद्र बघेल सर के मार्गदर्शन में 55 वां विश्व पृथ्वी दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजोरी के बच्चों साथ मनाया गया। जिसके अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों को क्विज प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता करायी गई। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार वितरण किए गए। मिशन लाइफ की जानकारी दी गई और शपथ दिलाई गई।

## 108 एम्बुलेंस व टवेरा में जबरदस्त टक्कर, 2 घायल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनी-बालाघाट मार्ग पर स्थित सीएम राईस शासकीय टिहलीबाई त्कृष्ट विद्यालय से कुछ दूरी पर तेज रफ्तार एक टवेरा व एम्बुलेंस के बीच मंगलवार की शाम लगभग 6 बजे जबरदस्त टक्कर में एम्बुलेंस पलट गई और टवेरा के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में एम्बुलेंस चालक व पायलट दोनों घायल हो गए। जिनमें से पायलट को बालाघाट भेजा गया हैं और चालक को वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय में लाकर भर्ती किया गया हैं। जानकारी अनुसार 108 एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 04 एन यू 7434 बालाघाट से कटंगी मरीज को छोडऩे के लिए गई थी। जहॉ पर मरीज को छोडऩे के बाद वह कटंगी से मरीज लेकर वारासिवनी आई थी और मरीज को वारासिवनी में छोडऩे के बाद खाली वापस बालाघाट लौट रही थी। उसी दौरान बालाघाट की ओर से वारासिवनी की ओर आ रही तेज रफ्तार टवेरा गाड़ी क्रमांक सी जी 14 सी 0733 और 108 एम्बुलेंस की सीधी टक्कर हो गई। दोनों वाहनों के बीच टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 108 एम्बुलेंस पलट गई और सडक़ किनारे लगे हुए सीमेंट के विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे सीमेंट का विद्युत पोल टूट गया। वहीं टवेरा गाड़ी के सामने के दोनों पहिये फट गए। इस दुर्घटना को देखते हुए आने-जाने वालों का हुजूम घटना स्थल पर लग गया। लोगों ने एम्बुलेंस चालक व उसके पायलट के साथ ही टवेरा वाहन के चालक को भी बाहर निकाला। वहीं टवेरा चालक घटना के बाद घटनास्थल से भाग खड़ा हुआ। वहीं एम्बुलेंस के घायल पायलट को तत्काल बालाघाट उपचार के लिए भिजवा दिया गया। वहीं घायल चालक अनुराग बघाड़े को शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाकर भर्ती कराया गया है। इस दुर्घटना में टवेरा व 108 एम्बुलेंस दोनों ही वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुॅचे हैं। समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर पंचनामा की कार्यवाही कर रही थी।

## टिहलीबाई शासकीय माध्यमिक शाला के दो विद्यार्थियों का राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति के लिए चयन

**वारासिवनी।** स्थानीय टिहलीबाई शासकीय माध्यमिक शाला के दो विद्यार्थियों का राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति के लिए चयन से विद्यालय में हर्ष का माहौल व्याप्त हैं। चयनित विद्यार्थियों में कक्षा 8वीं के छात्र आदित्य/रामप्रसाद गौतम एवं सिया/संतोष ठाकरे ने शिक्षा निदेशालय दिल्ली की विज्ञान शाखा द्वारा शासकीय विद्यालयों को मिलने वाली एक लाख छात्रवृत्तियों में म.प्र. स्पर पर क्रमशः 24 व 59 वी रैंक प्राप्त कर वारासिवनी नगर एवं जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानपाठक पंचम हनवत से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय लगातार तीन वर्षों से विद्यार्थियों को इस छात्रवृत्ति को प्राप्त करने में सफल रहा हैं, इसके लिए विद्यालय के शिक्षक बधाई के पात्र है। यहॉ यह उल्लेखनीय है कि यह छात्रवृत्ति परीक्षा शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष नवम्बर माह में आयोजित होती है, जिसमें से कक्षा 7 वीं की परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक एवं वार्षिक आय 3 लाख से अधिक नहीं होने वाले विद्यार्थी सम्मिलित होते हैं। इस परीक्षा में चयनित 1 लाख चयनित विद्यार्थियों को 12000/- वार्षिक दर से कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक में दी जाती है।

## विधायक श्रीमती मुंजारे की खान प्रबंधक से सौजन्य भेंट, सीएसआर योजना के तहत क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं पर चर्चा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे का मंगलवार को मॉयल लिमिटेड की भरवेली खदान में अल्पकालिक दौरा हुआ। इस दौरान मॉयल के नवपदस्थापित खान प्रबंधक श्री विवेक कुमार ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया तथा कंपनी की गतिविधियों और कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी।

शिष्टाचार भेंट के दौरान विधायक मुंजारे ने भरवेली खदान के संचालन, खनन कार्यों की प्रकृति, श्रमिकों की स्थिति, और पर्यावरणीय सरोकारों की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि क्षेत्रीय जनहित में मॉयल लिमिटेड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) योजना के अंतर्गत।

विधायक ने चर्चा के दौरान यह सुझाव दिया कि कंपनी को अपनी सीएसआर नीति के तहत बालाघाट विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, रोजगार एवं महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में अधिकाधिक योगदान करना चाहिए। उन्होंने यह भी जानने का प्रयास किया कि मॉयल द्वारा अब तक कौन-कौन से कार्य क्षेत्र में किए गए हैं तथा आगामी योजनाओं की रूपरेखा क्या है।



श्रीमती मुंजारे ने आशा व्यक्त की कि कंपनी भविष्य में क्षेत्रीय विकास की दिशा में और अधिक सजग एवं उत्तरदायी भूमिका निभाएगी। खान प्रबंधक श्री कुमार ने भी आश्वस्त किया कि मॉयल अपने सामाजिक दायित्वों को गंभीरता से निभाता है और क्षेत्रीय जनकल्याण हेतु सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

इस अवसर पर बालाघाट नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष श्री कारो लिल्हारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं मॉयल के अधिकारीगण भूगर्भ विभाग प्रमुख विनय राहंगडाले उपस्थित थे। समूची भेंट सौहार्दपूर्ण एवं रचनात्मक संवाद के साथ सम्पन्न हुआ।

## ग्राम साल्हे में पोषण पखवाड़ा सप्ताह मनाया गया

**किरनापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग किरनापुर में पोषण पखवाड़े की कैलेंडर गतिविधि अनुसार आज दिनांक 22 अप्रैल 2025 को परियोजना किरनापुर अधिकारी अमृता कुजूर मैडम जी के मार्गदर्शन में एवं सुपरवाइजर श्रीमती समीता मस्करे सेक्टर मोरवाही ग्राम साल्हे आंगनबाड़ी केंद्र साल्हे दो में आज पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें थीम अनुसार बच्चों का जन्मदिन मनाया एवं मोटापे से दूर का स्वस्थ जीवन शैली अपनाने उनके माताओं गर्भवती, धात्री बच्चों की उपस्थिति में एस ए एम, एम ए एम बच्चों की स्वस्थ जांच कर पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पोषण मटका में एकत्रित अनाज चावल, गेहूं, दाल, मुनगा, बाजी, फल पपीता, अमरूद, माता को प्रदाय किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित आशा कार्यकर्ता ,एन एम , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजनी बिसेन ,एवं उदयपुरे सहायिका सोनम राणा, संगीता रामटेके ,ग्राम के सरपंच त्रिवेंद्र पंचेश्वर ,उप सरपंच यादो राव जी देशमुख उपस्थित रहे ।

## महाविद्यालय में विधिक साक्षरता व्याख्यान का हुआ आयोजन



**हरिभूृ न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 हेमंत कुमार मण्डाले के मार्गदर्शन एवं विधि विभागाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व में ''विधिक साक्षरता'' संबंधी व्याख्यान का आयोजन इंदिरा कक्ष में प्रातः 09.00 बजे किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश श्रीमती नेहा बाथरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उपस्थित हुई। कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि न्यायाधीश श्रीमती नेहा बाथरी ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना व्याख्यान देते हुए विधिक साक्षरता पर प्रकाश डाला तथा विधि के छात्रों एवं अन्य संकाय के छात्रों को संवैधानिक मूल्यों एवं मूल अधिकारों, कर्तव्यों, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट एवं घरेलू हिंसा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ0 हेमंत कुमार मण्डाले ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में विधिक साक्षरता से संबंधित विधि विद्यार्थियों एवं अन्य संकायों के छात्रों के लिए कानून की जानकारी तथा उसके प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

## राज्य कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा स्कूली बच्चों, आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों को ग्रीष्मकालीन धूप से बचाव के लिए कलेक्टर बालाघाट को 22 अप्रैल को एक ज्ञापन सौंपा गया हैं। उल्लेखनीय हैं कि भीषण गर्मी से बचाव एवम्‌ स्वास्थ्य को देखते हुए स्कूली बच्चों एवम्‌ आंगनबाड़ी केंद्रों में जो बच्चे जा रहे हैं, उन्हें इस भीषण गर्मी से बचाव हेतु जिला प्रशासन को राज्य कर्मचारी संघ ने ज्ञापन दिया गया हैं। उन्हें शेष बचे अप्रैल माह में गर्मी की छुट्टी घोषित किया जाये, ऐसा संगठन के माध्यम से कहा गया हैं ताकि जो स्कूली बच्चे एवम्‌ आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे है, उनका स्वास्थ्य ठीक रहे सुरक्षित रहे। ज्ञापन में जिला सचिव बलेश्वर राहंगडाले, जिलाध्यक्ष दिलेश कुमार खंडेलकर, जितेंद्र कुमार नकासे, कमलेश झारिया एवम्‌ अन्य राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी ने उपस्थित होकर ज्ञापन दिया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर बीपी, शुगर,नेत्र जांच एवं हार्ट ईसीजी की जांच

हरिभूमि न्यूज उकवा।

समाजसेवियों की मदद से ग्राम सोनपुरी में निःशुल्क शुगर (SUGAR) ब्लूड प्रेसर(बीपी),नेत्र जांच हार्ट ई सी जी(ईसीजी )जांच एवं चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन आज उकवा के नजदीक ग्राम पंचायत सोनपुरी ब्लॉक बैहर के प्रांगण में किया गया, जिसमें आस पास ग्रामों के लगभग एक सैकड़ा मरीजों ने अपनी नेत्र जांच हार्ड की जांच करवा कर उचित परामर्श प्राप्त किया, इस शिविर में अपनी सेवा प्रदान करने सहयोग हॉस्पिटल गोंदिया के CMD जयेश रमादे सर के सहयोग से बैहर क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें B.P, SUGAR, ईसीजी, आंखों की जांच की गई जहां उन्होंने मरीजों की नेत्र जांच हार्ड की जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह , एवं



कुछ चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन सुविधा साथ ही गोंदिया के सुप्रसिद्ध सहयोग हॉस्पिटल में , पथरी, फ्रैक्चर, बच्चेदानी का ऑपरेशन, कैंसर ट्रिटमेंट हार्ट की सर्जरी इत्यादि ट्रिटमेंट आयुष्मान कार्ड से किया जाता है आज के इस कैंप को संपूर्ण करने हेतु सहयोग हॉस्पिटल गोंदिया से पधारे *RMO डॉ.पराग श्रीरग ऑप्शमेट्रीइस डॉ.पल्लवी तड़स STAF NURCE आशा हरिनखेड़े BLOCK NODLE OFFICER अखिलेश विश्वकर्मा* से पधारे डॉक्टर आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की, जहां उपस्थित मरीजों का आधुनिक मशीन के द्वारा निःशुल्क जांच की गई, आयोजन को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकर्ता , सर्वधर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक़ सरपंच सोनपुरी सुनील उइके, ग्राम रक्षक बाबूलाल गजभिये,डॉ.प्रभात घुले, जन अभियान परिषद बैहर, युवा समाज सेवी संदीप गजभिये, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक कांति लाल चौहान सहायक सचिव सतीश उमरे,, अमन गौतम, प्रदीप धनकडे, अभय यादव,आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## श्रीलंका धम्मयात्रा का आयोजन 2 से 11 जून तक, दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया जिला बालाघाट की पहल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत देश में संपूर्ण बौद्धो के सामाजिक धार्मिक आयोजन सम्पन्न कराने वाली भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धम्म संस्था के केन्द्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार सभी बौद्ध आम्बेडकर अनुयायीयो को भारत देश के साथ पूरे विश्व में बुदिस्ट कल्चर से धम्म यात्राएं पर्यटन निकालकर अवगत कराना है। इसी क्रम में दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट म.प्र. के तत्वावधान में दिनांक 2 से 11 जून तक श्रीलंका देश का बुद्धिस्ट धम्मयात्रा (पर्यटन) सशुल्क आयोजित किया गया है। जिसमें शामिल होने के इच्छुक धम्मबंधु, उपासक, उपासिकाएं संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डा. चरनदास ढेंगरे म.प्र., जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे, तहसील अध्यक्ष वारासिवनी आर.डी.बंसोड, महासचिव अभिराज मेश्राम, तोबुजी हुरमाडे




जिला उपाध्यक्ष बैतुल (आमला) से संपर्क कर अपना स्थान सुरक्षित कर सकते है। यह धम्मयात्रा केवल बुद्धिस्ट धम्म यांत्रियों के लिये ही आयोजित की जा रही है। जिसमें सभी को बुद्धिस्ट संस्कृति से अवगत कराया जायेगा। अुनाराधपुर, मीहीनतले, पोलोनारुवा, नेगोंबो, जहां भगवान बुद्ध की दंतधातु रखी है वह कैंडी, मटाले, नुवारा एलीया (मिनी इंगलैण्ड), कोलंबो के गंगारामा आदि जगह के भ्रमण दर्शन कराये जायेगें। सीटे सीमित है जानेके इच्छुक साथी संस्था के आयोजक मंडल से संपर्क करे।

## खबर संक्षेप

### खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी बाइक दो मृत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना कुरई अंतर्गत हुए एक एक्सीडेंट में दो लोगों की मृत्यु हो गयी है जिसके कारण पूरे गाँव में शोक व्याप्त है. थाना प्रभारी कृपाल सिंह द्वारा हमारे संवाददाता तो दी गयी जानकारी के अनुसार कुरई निवासी 23 वर्षीय तुषार सिंह 30 वर्षीय आरती बरकड़ो निवासी कोदाझिरी के साथ एक बारात में शामिल होने ग्राम कोदाझिरी गये थे. बारात से बाद जब ये अपने गाँव वापस लौट रहे थे तो एन.एच. 44 में ये एक खड़े ट्रक पर जा घुसे. गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि सर पर चोट लगने के कारण दोनों की मृत्यु मौके पर ही हो गयी. पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर करवाई की गयी है।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किया आनलाइन जनसुनवाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश



राय मुनमुन ने अपने कार्यालय में अनेकों आवेदनों पर आनलाइन (वर्चुअल) सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। आज प्रवास मे होने के चलते विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय मे प्रातः 11:00 बजे से आनलाइन (वर्चुअल) जन सुनवाई किया। तथा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

# भीषण गर्मी में आधार अपडेशन के परेशान है महिलाएं और बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

> शासन के द्वारा हर कार्य मे आधार अनिवार्यता के परिपेक्ष्य में आधार अपडेशन के लिए मारामारी देखने को मिल रही है, जहां 43 सेंटीग्रेड तापमान का पर सुरज आग उगल रहा है।

**आधार सेंटर पर ना तो पानी की व्यवस्था ना ही बैठने की कोई व्यवस्था**

वही छोटे-छोटे बच्चों को लेकर के महिलाऐ अपने आधार में सरनेम जुड़वाने, जन्मतिथि सुधरवाने ,पता परिवर्तन करने ,फोटो अपडेट करने मोबाइल नंबर जुड़वाने के लिए दिन-दिन भर आधार सेंटर पर बिना कोई संसाधन के बैठे रहती है, ना तो वहां पानी पीने की कोई व्यवस्था है और ना कोई सुविधा शिक्षा विभाग के पोर्टल आईडी से संचालित आधार सेंटर को पुराने तहसील भवन पर संचालित किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बच्चै का आना-जाना लगा हुआ है। ऐसे ही मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक की पोर्टल आई डी से बाजार चौक पर संचालित है। इतने बड़े विशालतम क्षेत्र में कम से कम कम से 5 आधार सेंटर चालू होना



था। आधार सेंटर संचालन करता एमपीएसईडीसी भोपाल के द्वारा राहुल शिवहरे कलेक्टर कार्यालय सिवनी को नियुक्त किया गया है, आधार अपडेशन के लिए जनता की सुविधा देने के विपरीत दो आईडी देकर जनता को परेशान होने की खबर से इन्हें कोई सरोकार नहीं है।

अन्य विभागों के माध्यम से नवीन आई डी से आधार सेंटर चालु कराने के लिये नवजीवन पनवार सीईओ जिला पंचायत सिवनी से हमारे संवाददाता ने दुरभाष पर चर्चा कर नगर मे आधार सेंटर खोलने की मांग की है ।

### मानसिक रोगी महिला ने खुद के ऊपर लगाई आग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के छितापार गांव में मंगलवार सुबह करीब 9 बजे एक मानसिक रोगी महिला ने खुद को आग लगा ली। छितापार निवासी 32 वर्षीय आशा गिरियाम ने यह कदम उठाया। आग की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजनों ने जैसे ही यह देखा, तुरंत उन्हें बचाने दौड़े। उन्होंने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। परिजनों ने तत्काल पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल महिला को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह घटना किन परिस्थितियों में घटी।

# ग्रामवासियों ने पकड़ा रेत से भरा टैक्टर



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खांडसा में रविवार को खण्डासा के बावनथड़ी नदी से ट्रेक्टर द्वारा अवैध रूप से रेत का भंडारण एवं परिवहन किया जा रहा है। सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामवासीयों के द्वारा मौके पर जाने के उपरांत तत्काल संबंधित विभाग पुलिस, वन विभाग सहित खनिज विभाग के रंजीत डहरिया को फोन पर जानकारी दी, कुरई पुलिस एवं खनिज विभाग ने ग्रामीणों के समक्ष पंचनामा कार्यवाही कर डहरवाल कृषि फार्म रमपुरी के प्रेमचंद डहरवाल की कार क्रमांक **CG** 07 **AH** 5727 से अवैध शराब एवं रेत से भरा टैक्टर क्रमांक **MP** 22 **AB** 6677 पर अवैध रेत जब्त की गई। टैक्ट्रर द्वारा लगभग 3 से 4 ट्राली रेत का भंडारण पर जप्त कर ग्राम कोटवार के सुपुर्द की गई।

**इनका कहना है**

> कार पर चलानी कार्यवाही कर, अवैध रेत पर खनिज विभाग ने जप्त कर कुरई थाना परिसर में खड़ा किया।
>
> कुरई थाना प्रभारी कृपाल सिंह तेकात

## अनिर्वा का सुयशः अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा किया गया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के सेवा भावी विख्यात चिकित्सक दम्पत्ति डॉक्टर अपूर्व एवं डॉक्टर अनुभा जैन की होनहार बिटिया अनिर्वा जैन ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित एवं रक्षामंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित प्रतियोगिता में प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ रामटेक नागपुर की कक्षा आठवीं के छात्रा के रूप में विद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्था द्वारा अनिर्वा को रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बिटिया अनिर्वा के सुयश से ना सिर्फ परिजन बल्कि सकल जैन समाज सिवनी गौरवान्वित हुई है। इस बड़ी उपलब्धि पर सभी शुभचिंतकों ने अनिर्वा को भविष्य में इससे भी अधिक उत्कृष्ट परिणामो के साथ उज्ज्वल सुखमय सफल जीवन की कामना।

# बरघाट मे 29 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती पर वाहन रैली प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरघाट।

ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी के जन्म उत्सव पर ब्राह्मण समाज बरघाट द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वषं भी पूरी भव्यता के साथ मनाया जाऐगा जिसकी रूपरेखा के लिए विगत दिनो ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित शिवशंकर शमां के निवास मे बैठक आयोजित की गई जिसमे हर वषं अनुसार इस वषं भी पूरी भव्यता के साथ भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सव मनाने का निणंय लिया गया। ब्राह्मण समाज ब्लाकअध्यक्ष पंडित शिवशंकर शमां ने बताया कि इस साल भगवान परशुराम जन्मउत्सव दो तिथि मे अक्षयतिथि आ रही है जिसको देखते हुए ब्लाक बरघाट के मुख्यालय बरघाट मे 29 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को भगवान परशुराम जयंती पूरे जोश के साथ मनाई जायेगी जिस की रूपरेखा मे सवंप्रथम प्रातः 8 बजे से भगवान परशुराम वाटिका एवं पुस्तकालय, मंदिर स्थान फरसा स्थल वाडं नंबर 13 मढिया वाडं मे भगवान परशुराम जी छायाचित्र एवं स्थापित फरसा का पूजन पाठ किया जाऐगा व आरती पश्चात प्रातः 9 बजे ब्राह्मण समाज के सभी युवा महिलाओ के सहयोग से कान्हीवाडा रोड मे कबीर गाडंन के बाजू से वाहन रैली निकाली जाऐगी जो की माता मंदिर रोड के सामने से कान्हीवाडा चौक पहुचेगी जहाँ से सुभाष चौक, नगर परिषद के सामने से राममंदिर होते हुऐ बस स्टैंड से गाधी चौक, अस्पताल के सामने से, कन्या शाला के सामने से राजराजेश्वरी चौक पहुचेगी जहाँ से वापस होकर मेन रोड होते हुऐ नया बस स्टैंड होते हुए मंगल भवन पहुचेगी जहाँ पर भगवान परशुराम जी का पूजन किया जाऐगा जिसके बाद ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनो का सम्मान किया जाऐगा।

जिसके बाद ब्राह्मण समाज बरघाट ब्लाक के बच्चों व अन्य उपलपब्धि प्राप्त करने वाले समाज के गौरव का सम्मान किया जाऐगा जिसके लिए 25अप्रैल तक नाम के साथ दस्तावेज जमाकरने का समय दिया गया है समाज अध्यक्ष शिवशंकर शमां ने सभी से पाठक आटो पाटंस, मिश्रा आफसेट एवं डेली नीड्स, आशीष दीक्षित, अविनाश तिवारी के पास जल्द जमा करने की अपील है वही सम्मान के साथ ही वरिष्ठजनो का उदबोधन होगा व ब्राह्मण समाज का प्रतिवेदन पढा जाऐगा व अंतिम भोजन की व्यवस्था भी रखी गई है। ब्राह्मण समाज के सभी से अजय त्रिवेदी, पंडित जुगलकिशोर पाडे, सच्चिदानंद पाडे, ललित पाठक, राधेश्याम मिश्रा, पंडित राजेंद्र तिवारी बबुआ भैया सहित अन्य ने समय पर अधिक से अधिक पहुचने की अपील की है।

# राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सोमिल समर्थ, सक्षम, नम्रता व वेदिका बने विजेता



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन सिवनी द्वारा ओपन राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 20 अप्रैल को लखनादौन के शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय में किया गया था ,जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के जिला सचिव संदीप मिश्रा ने बताया कि यह प्रतियोगिता में चार जिलों के 51 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया ,जिसमें की बड़ी संख्या में बालिका वर्ग की भी उपस्थिति रही ,बालिका वर्ग में 14 वर्ष आयु वर्ग में लखनादौन की वेदिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं आर्या को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ , वही 14 वर्ष से अधिक के वर्ग में बरघाट की नम्रता ने आर्या उपाध्याय को पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया, वहीं बालक वर्ग में 14 वर्ष में सक्षम अवधिया ने हर्षित गुप्ता को पराजित कर प्रथम स्थान पर कब्जा किया, बालक 19 वर्ष में परंपरागत प्रतिद्वंद्वी समर्थ अवधिया व वैभव श्रीवास के बीच कड़ी टक्कर हुई जिसमें अंततः समर्थ अवधिया ने 3=2 से विजय श्री हासिल की, वही यशराज सूर्यवंशी ने सबको चौंकाते हुए तृतीय स्थान अर्जित किया, पुरुष वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच में नरसिंहपुर के कृष्णा ने अनुभवी खिलाड़ी देवेश रजक को पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं फाइनल के मुकाबले में सोमिल मिश्रा ने संकेत गजभिए को एक तरफ मात देते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया, गौरतलब है कि पांच में से चार वर्गों में विजेता और उपविजेता बनने का गौरव बरघाट के खिलाड़ियों ने प्राप्त किया, वहीं बालाघाट नरसिंहपुर व छिंदवाड़ा के एक-एक खिलाड़ी को भी तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा, इस पूरी प्रतियोगिता को संचालित करने में संदीप मिश्रा के साथ-साथ चंदन, देवेश, शिव तिवारी और अभय सरेआम का महत्वपूर्ण योगदान रहा, वही समापन समारोह में डॉक्टर पीएस प्रजापति, जतिन कुमार, रिजवान खान, शरद गोल्हानी ,स्वाभिमान कोचर और श्रीमती कविता कुमरे मौजूद थे जिन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देने के साथ-साथ उन्हें प्रमाण पत्र के साथ आकर्षक ट्राफियां भी प्रदान की, कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप मिश्रा द्वारा किया गया , कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार देवेश रजक द्वारा किया गया।



### शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए हुआ सिवनी,बालाघाट एवं छिंदवाड़ा के शिक्षकों का प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार नगर के ई एफ ए शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए एडोब एक्सप्रेस का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें ई एफ ए विद्यालय सिवनी के 42 बालाघाट के 25 एवं छिंदवाड़ा जिले के 20 शिक्षक, शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया । प्रशिक्षण मुंबई से आए प्रशिक्षक मो.अजहरुद्दीन शेख प्रोजेक्ट मैनेजर एवं सहायक प्रशिक्षक दानिश के द्वारा दिया गया । प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए प्रभारी प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे ,उप प्राचार्य श्रीमती अंजना राय ,प्रशिक्षण प्रभारी अभिलाष मिश्रा ,राज किशोर दुबे एवं नोडल पर्सन अनिल पलवार का विशेष योगदान रहा।

# कपिलधारा योजनान्तर्गत स्वीकृत कूप निर्माण कार्य का भुगतान रोका

**जनपद पंचायत लखनादौन अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गणेशगंज में एक मामला प्रकाश में आया जहां एक हितग्राही को अपने खेत पर कूप (कुआं) निर्माण कार्य हेतू कपिलधारा योजनान्तर्गत पंचायत द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई जिसके बाद हितग्राही ने अपने खेत में कार्य आरंभ किया जो अब पूर्णता की और है परंतु अब वह भुगतान के लिए दर बदर भटकते देखा जा रहा है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

जनपद जिला सीईओ सहित जिला कलेक्टर से किया मामले पर शिकायत, प्राप्त जानकारी के अनुसार धनेश अहिरवार निवासी गणेशगंज की जमीन ग्राम सहजपुरी में प.ह. नं. 53 भूमि खसरा नं. 71/5 , 71/8 रकवा क्रमशः 0.40 , 0.20 जो राजस्व अभिलेखों में धनेश अहिरवार के नाम है । जिस भूमि पर धनेश अहिरवार द्वारा कपिलधारा योजनान्तर्गत स्वीकृत कूप (कुआं ) निर्माण कार्य किया जा रहा है जो पूर्णता की और है। किंतु ग्राम पंचायत गणेशगंज के द्वारा अभी तक उपरोक्त कुंआ निर्माण की कोई भी राशि का भुगतान हितग्राही को नहीं किया गया जिससे हितग्राही आर्थिक रूप से परेशान देखा जा सकता है।

यही नहीं हितग्राही द्वारा उपरोक्त भुगतान नहीं किए जाने संबंधी शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लखनादौन को 13/01/2025 तथा जिला कलेक्टर सिवनी को 08/04/2025 में दर्ज कराई गई। परंतु इसके वावजूद आज दिनांक तक हितग्राही धनेश अहिरवार की समस्या निवारण अब तक नहीं की गई जिससे जिम्मेदारों पर प्रश्न चिन्ह लगते देखा जा सकता है यही नहीं हितग्राही द्वारा ग्राम पंचायत गणेशगंज के उपर अनेकों तरह के आरोप भी लगाए जा रहे हैं जो कि जांच उपरांत ही कहां जा सकता है कितना सही है।

**पंचायत सचिव का सरपंच पर लिखित आरोप**

उपरोक्त मामले में जब हितग्राही सचिव के पास पुनः पहुंचा तो सचिव शंकर लाल यादव ने एक साधे कागज़ पर लिखा – उपरोक्त संबंध में लेख है कि धनेश पिता चमरू अहिरवार ग्राम पंचायत गणेशगंज का निवासी है जिसके कूप (कुआं) निर्माण कार्य हेतू डिमांड में सरपंच द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है। 14/04/2025 दिनांक के साथ सचिव ने शील साइन किया।

# बरघाट पुलिस ने अवैध देशी अंग्रेजी शराब का परिहवहन करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

चौकी प्रभारीयो को निर्देशित किया गया है। दिनांक 22/04/2025 को व मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खुर्सीपार का सहने वालां नितेश निवारे अपनी काले रंग की **CT**100 मोटर साईकल **CG**04**CL**6941 में भारी यात्रा ने अवैध शराय विक्रय करने के उद्देश्य से पिण्ड तरफ लेकर आ रहा है। उक्त सूचना की प्राति पर पुलिस अधीक्षक सुनिल मेहता के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को मय पुलिस स्टाफ के सूचना पर तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। थाना प्रभारी बरघाट के नेतृत्व में तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम द्वारा मूखबिर के बताए गये स्थान अनुसार पिंडरई से सिंगपुर मार्ग पर कच्चे रास्ते पर जाकर उचित वियाग लेकर घेराबंदी की गई जो कुछ समय उपरान्त केसलाई सिंगपुर कच्चे मार्ग तरफ से मुखबिर द्वारा बताये अनुसार एक मोटर सायकल में एक व्यक्ति आला हुआ दिखा जिसे संदेह के आधार पर हमराह स्टाफ के मदद से रोक्कर पूछताछ किया गया जो चालक ने अपना नाम नितेश पिता घुड़नलाल निवारे उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खुसींधार बाला बरघाट जिल्ला सिवनी का बताया। जो पाहन की तलाशी के दौरान मोटर सायकल **CT**100 क्रं.**CG**04**CL**6941 में पीछे





बंधी प्लास्टिक की सफेद रंग की बोरियों को उत्तारने के पश्चात खाली कर देखने पर बोरियों के अंदर देशी प्लेन मदिरा 180 मिली. के कुल 129 सील बंद क्वाटर, आंग्रेजी शराब बम्बे रन 180 मिली. के कुल 75 सील बंद क्वाटर, अंग्रेजी शराब नम्बर 1 एम 180 मिली. के कुल 49 सील बंद क्वाटर एवं अंग्रेजी शराब ऑफिसर पईश व्हीरकी 180 मिली. के कुल 86 सील बंद क्वाटर कुल मदिरा 62.02 लीटर कुल मंदिरा कीमती 45820 रूपये रखी हुये मिली जो भौके पर उक्त शराब के संबंध में संदेही आरोपी से वैध दस्तावेज पाहने पर किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं होना बताया जो आरोपी नितेश पिता धुड़नलाल निवारे का कृत्य 34(2) आबकारी एक्ट से दण्डनीय पाये जाने से देशी प्लेन मदिरा 180 मिली. के कुल 139 सील बंद क्वाटर, अंग्रेजी शराब बम्बे रम 180 मिली. के कुल 75 सील बंद क्वाटर, अंग्रेजी शराब नम्बर 1 रम 180 मिली, के कुल 49 सील बंद क्याटर एवं अंग्रेजी शराब ऑफिसर चईल व्होरकी 180 मिली. के कुल 66 सील बंद क्याटर कुल शराब 62.82 लीटर शीलबंद एवं अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकिल **CT**100 **BCG**04**CL**6941 को समक्ष गवाहों के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी नितेश से पूछताछ करने पर भानू रोन्जे पिता केशोराय सेन्जे उम्र 22 साल निवासी सुधार की शराब होना बताया है। दोनी, आरोपीगणो को निरस्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# कन्या महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एक संधारणीय भविष्य के लिए कार्रवाई का आह्वान करने हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस शास के कन्या महाविद्यालय में हरित कोर इकाई द्वारा आज पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आज छात्राओं ने पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सतत जीवन शैली अपनाने हेतु संकल्प लिया। उपरोक्त कार्यक्रम महाविद्यालय की संरक्षिका एवं प्राचार्य प्रो. अमिता पटेल के मार्गदर्शन में एवं हरित कोर इकाई प्रभारी डॉ. रुचिका यदु के नेतृत्व में संपन्न हुए। वनस्पति एवं सूक्ष्मजीव विभागाध्यक्ष डॉ नवांगे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए पृथ्वी दिवस उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पृथ्वी दिवस मनाने के मुख्य उद्देश्य हैं: जागरूकता बढ़ाना, संधारणीयता को बढ़ावा देना, कार्रवाई को प्रेरित करना। डा रुचिका यदु ने पृथ्वी दिवस के वैश्विक प्रभाव पर चर्चा करते हुए बताया पृथ्वी दिवस ने दुनिया भर में कई पहलों, अभियानों और आंदोलनों को प्रेरित किया है, जिनमें शामिल हैं: पर्यावरण सक्रियता, स्थायी अभ्यास जैसे कि अपशिष्ट को कम करना, ऊर्जा का संरक्षण करना और नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग करना, वैश्विक सहयोग जिसमें देश पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने और टिकाऊ समाधान विकसित करने के लिए एक साथ आए हैं। हर छोटी कार्रवाई मायने रखती है, और सामूहिक प्रयास से महत्वपूर्ण सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है।

## बिजली की मांग को लेकर दर-दर भटक रहे किसान, कलेक्टर से मिला आश्वासन

**छपाराः** संजय सरोवर भीमगढ़ बांध में आए जल संकट के बाद जिला कलेक्टर के निर्देशों पर बंद और नदी के पानी के उपयोग के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया. साथ ही विद्युत विभाग को विद्युत सप्लाई बंद करने के निर्देश दिए गए थे जिसके बाद 16 अप्रैल से भीमगढ़ संजय सरोवर बांध के दो प्रभावित किसानों की बिजली बंद कर दी जिसकी बात से लगातार किस भटक रहे हैं. और प्रदर्शन भी कर रहे हैं रणधीर नगर में प्रदर्शन किसानों के द्वारा किया गया था इसके साथ ही केवलारी विधायक से भी किसान मिले थे सोमवार को छपारा तहसील कार्यालय और विद्युत वितरण केंद्र में पहुंचकर प्रदर्शन किया और इसके बाद वह केवलारी के पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह से भी किसानों ने मुलाकात की इसके बाद उन्होंने कलेक्टर को फोन किया और किसानों से मिलने और उनकी विद्युत समस्या सुनने की बात कही तब कलेक्टर ने किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी है वहीं किसानों को तीन दिन बाद बिजली दिए जाने का आश्वासन दिया है यह जानकारी किसानों के द्वारा बताई गई है किसानों ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के द्वारा किसानों द्वारा जो डूब क्षेत्र में खेती की जाती है उसका पत्ता लिया जाता है इन सब मामलों को लेकर गलत जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है जिसके चलते किसानों को परेशान होना पड़ रहा है वहीं डूब क्षेत्र की भूमि पर जिन किसानों ने फसल लगाई है वह सूखने के कगार में आ गई है गर्मी के सीजन की यह फसल की खेती करने में किसानों को काफी अधिक खर्च आता है कई किसानों ने कर्ज लेकर फसल लगाई है जो पानी नहीं मिलने के चलते मुरझा गई है फिलहाल किसानों को कलेक्टर से मिलने के बाद एक बार उम्मीद जगी है तो सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

## शहर से होकर गुजरने वाली फोरलेन सड़क के साईड सोल्डर हेतु खोदे गये स्थान पर पुनः अतिक्रमण होने लगा

# विभिन्न समस्यों को लेकर डॉ. बिसेन एवं प्रतिनिधि मंडल ने की कलेक्टर से चर्चा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी शहर में पर्याप्त जलापूर्ति हेतु संजय सरोवर बांध भीमगढ़ से पानी लाकर सप्लाई करने हेतु दो-दो जलावर्धन योजना एक प्रदेश सरकार से एक केन्द्र सरकार से स्वीकृत की गई। डीपीआर में तकनीकी खामियां होने से एवं कुछ विभागीय लापरवाहियों के चलते इस वर्ष शहर में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया। पूर्व में भी ऐसे जल संकट की आहट को देखते हुए कुछ सुझाव दिए गये किंतु कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसका परिणाम शहर की जनता को भुगतना पड़ा। यदि बबरिया तालाब एवं जल निगम से वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई होती तो आज शहर बूंद-बूंद के लिए मोहताज होता। यह बात पूर्व सांसद एवं मंत्री डॉ. ढालसिंह बिसेन ने जिला कलेक्टर सुसंस्कृति जैन से भेंट के दौरान कही एवं इस संदर्भ में तथा राजस्व के संदर्भ में मुख्यमंत्री के नाम दो पत्र सौंपे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता वेदसिंह ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन बाझल एवं भाजपा नेता रमेश तिवारी भी उपस्थित थे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम जिला कलेक्टर को सौंपे गये पत्र में डॉ. बिसेन द्वारा उल्लेख किया गया कि जब माचागोरा जलाशय पेंच परियोजना की नहरों का निर्माण किया जा रहा था तब मेरे द्वारा सुझाव दिया गया था कि माचागोरा का पानी ग्राम नगझर, कोहका, कंडीपार या जहां भी संभव हो नहर या इंटरवेल के माध्यम से बबरिया जलाशय में डाला जाये, किंतु तत्कालीन प्रमुख सचिव पंकज अग्रवाल द्वारा इस सुझाव पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। यदि इस सुझाव पर ध्यान दिया जाता तो सिवनी शहर में वर्तमान में जो जल संकट की स्थिति सामने आई है वह विषम परिस्थिति नहीं आती।



माचागोरा जलाशय पेंच परियोजना का पानी बबरिया तालाब में छोड़ने की मांग

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष ग्रीष्मकाल प्रारंभ होने के साथ ही संजय सरोवर जलाशय का जल स्तर कम हो गया जिससे शहर में पानी का संकट उत्पन्न हो गया। भविष्य में ऐसी विषम परिस्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए जरूरी है कि नहर या इंटरवेल से माचागोरा जलाशय पेंच परियोजना का पानी बबरिया तालाब में छोड़ने की कार्ययोजना पर ध्यान दिया जाये। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में डॉ. बिसेन ने ध्यान आकृष्ट कराया कि आने वाले समय में केवल सिवनी जिले में ही नहीं वरन प्रदेश के अनेक जिलों में जल संकट की समस्या गंभीर रूप से सामने आयेगी। ऐसी गंभीर समस्या से बचने के लिए नगरीय निकायों द्वारा भवन निर्माण अनुज्ञा के दौरान हारवेस्टिंग के लिए 10 हजार रूपये की राशि जमा तो कराई जाती है किंतु कहीं पर भी वाटर हारवेस्टिंग नहीं की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वाटर हारवेस्टिंग अनिवार्य रूप से करवाने के निर्देश जारी किये जाये। इसी तरह डॉ. बिसेन ने मुख्यमंत्री से राजस्व परिपत्र 6-4 अंतर्गत आम की फसल को शामिल किये जाने की मांग करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन के राजस्व परिपत्र 6-4 में प्राकृतिक आपदा से आम के नुकसान पर मुआवजे का प्रावधान न होने के कारण आम उत्पादक किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि प्रदेश का किसान अब आम की फसल लगाने से पीछे हटने लगा है।

**छोटे छोटे सब्जी बाजारों से शहर को अतिक्रमण मुक्त किया जाये**

प्रतिनिधि मण्डल द्वारा भेंट के दौरान जिला कलेक्टर सुसंस्कृति जैन को पुरानी फुटकर सब्जी मंडी को अन्यंत्र स्थापित करने का सुझाव देते हुए शहर में जगह जगह अतिक्रमण कर छोटे छोटे सब्जी बाजारों से शहर को अतिक्रमण मुक्त किया जाये तथा उनके भी व्यवसाय का ख्याल रखते हुए नई फुटकर सब्जी मंडी बनायी जाये। वर्तमान में निर्माणाधीन शहर से होकर गुजरने वाली फोरलेन सड़क के साईड सोल्डर हेतु खोदे गये स्थान पर पुनः अतिक्रमण होने लगा है अतः निर्माण एजेंसी से खोदी हुई जगह में सड़क निर्माण का कार्य तुरंत कराया जाये अन्यथा पुनः प्रशासन को अतिक्रमण हटाने की मशक्कत करनी पड़ेगी और खोदी हुई जगह बरसात में आम आदमी के दुर्घटना का कारण भी बनेगी।

हैंडपंप से निकल रहा लाल पानी; ग्रामीणों ने की कलेक्टर से नया लगाने की मांग

## पेयजल की समस्या से जूझ रहा आवासटोली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के कोसमी पंचायत स्थित आवासटोली के निवासियों ने मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पेयजल की समस्या उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि मौजूदा हैंडपंप से लाल पानी निकल रहा है।

आवासटोली की बुजुर्ग निवासी द्वारकाबाई ने कहा कि लाल पानी पीने योग्य नहीं है। झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मकसूद खान के अनुसार लोगों को दूर से पानी लाना पड़ रहा है। लाल पानी का उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रहा है।

इस मामले में पंचायत सरपंच अंबिका गगन नगपुरे का कहना है कि आवासटोली में करीब 15 घर हैं। ये सभी 50 मीटर के दायरे में स्थित हैं। उन्होंने बताया कि अधिकांश घरों में बोर है। पंचायत ने नलजल योजना से 24 घंटे चलने वाला सार्वजनिक नल भी लगवाया है। एक हैंडपंप भी मौजूद है। सरपंच का दावा है कि क्षेत्र में पानी की कोई कमी नहीं है।

### विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय शंकर शाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में मंगलवार को प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार मण्डाले के मार्गदर्शन एवं विधि विभागाध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व पर ''विधिक साक्षरता'' संबंधी व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश श्रीमती नेहा बाथरी (न्यायिक मजिस्ट्रेट) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर की गई।

## फरखंदा कुरैशी की UPSC में 67वीं रैंक, छह महीने की कोचिंग और ऑनलाइन पढ़ाई से बनीं IAS, चौथे प्रयास में सफलता





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की फरखंदा कुरैशी ने UPSC परीक्षा में 67वीं रैंक हासिल कर IAS अधिकारी बनने का सपना साकार किया है। यह उनका चौथा प्रयास था।

फरखंदा ने भूगर्भ शास्त्र में स्नातक करने के बाद 2019 से UPSC की तैयारी शुरू की। उन्होंने कोविड से पहले दिल्ली में 6 महीने की कोचिंग की। महामारी के दौरान वह घर लौट आईं और ऑनलाइन अध्ययन जारी रखा।

फरखंदा रोजाना 8 घंटे पढ़ाई करती थीं। उन्होंने समाचार पत्र और ऑनलाइन स्टडी मटेरियल से तैयारी की। तीसरे प्रयास में वह इंटरव्यू तक पहुंची थीं, लेकिन अंतिम सूची में नाम नहीं आया। इससे हार नहीं मानी और चौथे प्रयास में सफलता हासिल की।

UPSC की तैयारी कर रहे छात्रों को फरखंदा की सलाह है कि प्री-लिम्स और मेंस के उत्तरों के साथ टॉपर्स का स्टडी मटेरियल देखें। यह लक्ष्य के लिए बेंचमार्क तय करने में मदद करता है। उन्होंने सिलेबस को स्टडी रूम की दीवार पर चिपकाकर फोकस बनाए रखने की सलाह दी।

अधिवक्ता अब्दुल मलिक कुरैशी और निकहत अंजुम कुरैशी की बेटी फरखंदा की इस सफलता से पूरा परिवार खुश है। पिता के अनुसार बेटी की सफलता से अब वह उनके नाम से जाने जाएंगे, जो उनके लिए सबसे बड़ी खुशी है।

**तत्कालीन कलेक्टर बी. चंद्रशेखर को देखकर हुई प्रेरित फरखंदा,** बताती है कि लोकल न्यूज चैनल में बालाघाट के तत्कालीन कलेक्टर बी. चंद्रशेखर की कार्यप्रणाली को देखकर, उसने आईएएस बनने की प्रेरणा ली। जिसमें परिवार ने पूरा सहयोग किया। टॉपर रही है फरखंदाफरखंदा ने 10 वीं की सीबीएसई की परीक्षा में सीजीपीए ग्रेड हासिल की थी तो वह 12 वीं में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर, टॉप रही थी। इसके अलावा उन्होंने भूगर्भ शास्त्र से स्नातक किया है और वर्तमान में वह भूगर्भशास्त्र से ही एमए कर रही है।

## 40 डिग्री तक पहुंचा: स्कूल सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 तक, आंगनबाड़ी सुबह 8 से 11 बजे तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। तेज गर्मी के कारण जिला प्रशासन ने स्कूल और आंगनबाड़ी के समय में बदलाव किया है।

कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने नया समय जारी किया है। जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, नवोदय, सीबीएसई और अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में यह बदलाव लागू होगा।1

कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए अब स्कूल सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 बजे तक चलेंगे। दो पालियों वाले विद्यालय तापमान को देखते हुए छात्र-छात्राओं की सुविधा के अनुसार संचालित होंगे। परीक्षाएं और मूल्यांकन कार्य पूर्व निर्धारित समय के अनुसार ही होंगे।

महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपमाला मंगोदिया ने आंगनबाड़ी केंद्रों का समय भी बदला है। अब आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 8 बजे से 11 बजे तक चलेंगे। यह आदेश 30 जून तक प्रभावी रहेगा।



## रेल यात्रियों के लिए जरूरी सूचना, 23 अप्रैल से 14 दिन तक कई ट्रेनों का रूट बदला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




गोंदिया रेलवे स्टेशन में तीसरी लाइन के निर्माण कार्य के कारण कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। यह बदलाव 23 अप्रैल से 6 मई तक प्रभावी रहेगा।

रेलवे मंडल के आदेशानुसार, गोंदिया स्टेशन से होकर जाने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनों का रूट परिवर्तित किया गया है। इनमें काशी तमिल समागम एक्सप्रेस, जबलपुर-गोंदिया, गढ़ा-गोंदिया और रीवा-ईतवारी जैसी प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं।

बालाघाट रेलवे स्टेशन प्रबंधक कृष्णमोहन चौधरी ने बताया कि गोंदिया स्टेशन में तीसरी रेलवे लाइन, रेलवे ओवरब्रिज और रेल सुरक्षा कार्यों के कारण यह बदलाव किया गया है। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कुछ ट्रेनें रद्द की गई हैं, कुछ का मार्ग बदला गया है और कुछ को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है।

लोकल ट्रेनों में भी बदलाव किया गया है। गाड़ी संख्या 68813/68814 और 68809/68810 (गोंदिया-तिरोडी-गोंदिया) अब बिरसोला स्टेशन से चलेंगी। गाड़ी संख्या 78803/78804 (गोंदिया-कटंगी-गोंदिया) को पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है। गाड़ी संख्या 68811/68812 (गोंदिया-कटंगी-गोंदिया) भी बिरसोला स्टेशन से चलेगी।

बालाघाट के दो विधानसभा क्षेत्रों के किसानों को फायदा

## विधायकों ने ढूंटी बांध से नहरों में छुड़वाया पानी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में किसानों की रबी की धान फसल को बचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे और विवेक पटेल ने 21 अप्रैल को शाम के समय ढूंटी बांध का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों और किसानों के साथ मिलकर स्थिति का जायजा लिया।

बांध से छोड़ा गया पानी बालाघाट विधानसभा के लालबर्रा और वारासिवनी क्षेत्र के किसानों की फसल सिंचाई में मददगार साबित होगा। कुछ दिनों से किसान लगातार बांध से पानी छोड़ने की मांग कर रहे थे। उन्होंने आंदोलन के जरिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक अपनी आवाज पहुंचाई थी।

विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि बालाघाट कृषि प्रधान जिला है। किसानों ने सिंचाई विभाग से नहर में पानी मिलने के भरोसे पर रबी की धान फसल लगाई थी। पानी न मिलने से फसल पकने से पहले ही सूखने लगी थी। किसान इस स्थिति से परेशान थे और लगातार प्रशासन से संपर्क कर रहे थे।

विधायक ने किसानों की मांग को जायज मानते हुए बांध से पानी छुड़वाया। साथ ही भविष्य में पानी की कमी को देखते हुए किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल की योजना सोच-समझकर बनाएं।

## विशेष नशामुक्ति अभियान के तहत वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** ''विशेष नशामुक्ति अभियान'' के तहत नालसा (नशा पीड़ितों को कानूनी सेवाएं और नशा उन्मूलन के लिए कानूनी सेवाएं) योजना, 2015 के अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेष कुमार प्राण द्वारा हरी झण्डी दिखाकर नषा छोड़ने के लिए प्रेरित करने एवं नषे के दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को जागरूक करने हेतु वाहन को रवाना किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीष (एट्रोसिटी) श्री रघुवीर प्रसाद पटेल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीष श्री गौतम सिंह मरकाम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीष शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती तारा मार्को, श्री अविनाश छारी, श्रीमती षिखा शर्मा, श्रीमती शीनी जैन, श्री शुभम जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री बसंत डहाके, सामाजिक कार्यकर्ता श्री धनेन्द्र हनवत एवं समस्त स्टॉफ, न्यायालयीन स्टॉफ उपस्थित रहें।

### मॉयल लिमिटेड द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण

**बालाघाट।** भारत सरकार के मिनिरत्न सार्वजनिक उपक्रम मॉयल लिमिटेड द्वारा अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पहल के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन नागपुर के वनमती सभागार में किया गया। इस अवसर पर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (ALIMCO) के सहयोग से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस आयोजन में मॉयल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री अजीत कुमार सक्सेना के साथ कंपनी के सभी निदेशकगण एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी (CVO) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 76 लाभार्थियों को 121 सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिनमें मोटर चालित तिपहिया वाहन, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, बैसाखी, रोलेटर, चलने की छड़ियाँ एवं अन्य सहायक उपकरण शामिल थे। ये सभी उपकरण दिव्यांगजनों की गतिशीलता और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रदान किए गए।

## बेदखली के आदेश की जांच तहसीलदार द्वारा की जाएगी

### व्हाट्सप्प पर वायरल आयुष्मान योजना के तहत इम्पेनल्ड अस्पतालों की जानकारी पुख्ता की जाएगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित हुई। जनसुनवाई में प्राप्त 82 आवेदनों पर एडीएम श्री जीएस धुर्वे, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ और एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने संयुक्त रूप से आवेदकों को सुना। जनसुनवाई के दौरान शिक्षा विभाग, श्रम,राजस्व, स्वास्थ्य, नगर पालिका से सम्बंधित आवेदन अधिक संख्या में प्राप्त हुए। आवेदनों के सम्बंध में कलेक्टर श्री मीना ने पहले सम्बंधित विभाग से अपडेट जानकारी ली। साथ ही सम्बंधित आवेदन पर शीघ्रता से समस्या का निराकरण करने निर्देश दिए है। खैरलांजी तहसील में बिटोड़ी गांव के आवेदक द्वारा बताया गया कि नायब तहसीलदार द्वारा बेदखली का आदेश किया गया। जबकि अब वहां किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा बताकर मकान निर्माण कराया जा रहा है। जिनके नाम से मकान बनाया जा रहा है। वो 20 से 25 वर्ष पहले पलायन कर चुके है। कलेक्टर श्री मीना ने मामले को संवेदनशीलता से लेते हुए खैरलांजी तहसीलदार छवि पंत को मामले की जांच करने के निर्देश दिए है।

### व्हाटसअप पर वायरल जानकारी को दुरुस्त किया जाएगा

जनसुनवाई के दौरान कोसमी के राकेश वर्मा ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति बालाघाट द्वारा आयुष्मान भारत योजना में अनुबंधित अस्पतालों की सूची व कैलेंडर वायरल हुआ है। जबकि इसमें पात्रता के साथ ही गोंदिया के अस्पतालों को नही दर्शाया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने सीएमएचओ को जांच कर जानकारी दुरुस्त करने के निर्देश दिए है।

महामहिम राष्ट्रपति को एकमुश्त किए जाएंगे प्रेषित

## स्वावलंबन कल्याण संस्था ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में सौंपा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभिकल्पना एक राष्ट्र, एक चुनाव से प्रभावित होकर राष्ट्रोदय और जन कल्याण के भाव से कार्यरत स्वयं सेवी संस्था स्वावलंबन कल्याण संस्था बालाघाट ने मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम पारित प्रस्ताव भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप चौरसिया और संजय मिश्रा को स्वावलंबन कल्याण संस्था के अध्यक्ष हेमेन्द्र क्षीरसागर समेत अन्य पदाधिकारी ने सौंपा। उल्लेखनीय रहे शीर्ष नेतृत्व के आव्हान में जिला भाजपा द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान समिति का गठन भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे के मार्गदर्शन में किया गया है। समिति का संयोजक, जिला महामंत्री मौसम बिसेन, सहसंयोजक अधिवक्ता विकास खुरसेल को नियुक्त किया गया है। उनके संयोजन में एक राष्ट्र, एक चुनाव का महाभियान जिले में सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ चलाए जा रहा है। इसी कड़ी में अनेको संस्थाओं, निकायों, संगठन, समूह, विभागों, मंचों के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। गौरतलब रहे समर्थन में प्राप्त पारित प्रस्तावों को एकमुश्त महामहिम राष्ट्रपति को प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर स्वावलंबन कल्याण संस्था के सचिव विजय बिसेन, सुमित यादव, अखिलेश चौरे, मॉनेल जैन, सिद्धार्थ बाजपेई, महेंद्र लिल्हारे, राम मिश्रा, ईशुलाल धावडे, खिमेंद्र गौतम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जनों ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रति अपना विश्वास जताया।



### खर्चों में कमी, बचेगा वक्त : हेमेन्द्र क्षीरसागर

जहां, स्वावलंबन कल्याण संस्था के अध्यक्ष हेमेन्द्र क्षीरसागर ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के महत्व को बताते हुए कहा, चुनाव आयोग को बार-बार चुनावों की तैयारी से छुटकारा मिलेगा। चुनावी खर्चों में कमी आएगी। केंद्र और राज्य सरकारें एक साथ पॉलिसी बना सकते हैं। श्री क्षीरसागर कहा, पूरे देश में एक वोटर लिस्ट होगी। चुनाव ड्यूटी में खर्च होने वाला सुरक्षा बलों का वक्त बचेगा। चुनावी प्रचार में लगने वाला नेताओं का वक्त बचेगा और वो उसे रचनात्मक कामों में लगा सकेंगे। जैसे अनेकानेक कारणों से देश उन्नति और प्रगति की राह में आगे बढ़ेगा।

### देश के नवनिर्माण के लिए महत्वपूर्ण

वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप चौरसिया, संजय मिश्रा ने स्वावलंबन कल्याण संस्था के राष्ट्रहितैषी निर्णय की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही अन्य संस्थाओं, विभागों, संगठनों से आए हुए प्रस्ताव के लिए इन्होंने आभार प्रकट किया। दिलीप चौरसिया और संजय मिश्रा ने देश के नवनिर्माण के लिए महत्वपूर्ण साबित होने वाले एक राष्ट्र, एक चुनाव में जन भागीदारी और सहभागिता की पुरजोर अपील की।

बिठली और घिसर्री में जल स्त्रोत मिला, शीघ्र नल जल योजना से होगा कनेक्शन

## जल संकट निवारण के लिए बनी कोर अधिकारियों की पहली बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में जल व बिजली संकट निवारण के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में कोर अधिकारियों की समिति गठित की गई है। इस समिति की पहली बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से मंगलवार की स्थिति में किये गए गांवो में कार्यो के सम्बंध में तथा जल स्त्रोतों के सुधार कार्यो के बारे में जानकारी ली गई। विभाग द्वारा बताया गया कि 7 नल जल योजनाएं जल स्त्रोत में जल स्तर कम हो जाने से अभी बन्द है। इसके लिए लगातार जल स्त्रोत की तलाश की जा रही है। बिठली व घिसर्री में जल स्त्रोत मिल गया है। यहां शीघ्र ही नल जल योजना से कनेक्शन जोड़ दिया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, नगरीय निकाय परियोजना प्रभारी श्री राहुल नायक, सीएमओ श्री कतरोलिया, जल निगम के एसडीओ श्री सनोडिया, डीडीए श्री राजेश खोब्रागड़े सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी मौजूद रहें।

### पंचायतों में जल की स्थिति पर बनी सूची पीएचई को दी जाएगी



बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री सराफ ने बताया कि पंचायतों में जल समस्या के सम्बंध में सूची बनवाई गई है। कलेक्टर श्री मीना ने कहा पंचायतों द्वारा बनी सूची पीएचई विभाग को दी जाएगी। विभाग इस पर सक्रियता से कार्य करेगा। कलेक्टर श्री मीना ने जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए है कि कटंगी क्षेत्र में टेल तक पानी नही पहुँच रहा है। विभाग नहरों की निगरानी करें, कही अड़ावे लगाए है तो हटवाए। वही जल निगम द्वारा बताया गया कि देवसर्रा समूह योजना में वोल्टेज की समस्या होने से थोड़ी समस्या हो रही है। इस मामले में एमपीईबी को वोल्टेज की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

## विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय शंकर शाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में मंगलवार को प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार मण्डाले के मार्गदर्शन एवं विधि विभागाध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व पर ''विधिक साक्षरता'' संबंधी व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश श्रीमती नेहा बाथरी (न्यायिक मजिस्ट्रेट) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात मुख्य न्यायाधीष श्रीमती बाथरी ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना व्याख्यान देते हुए विधि के छात्रों एवं अन्य संकाय के छात्रों को संवैधानिक मूल्यों एवं मूल अधिकारों, कर्तव्यों, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट एवं घरेलू हिंसा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. मण्डाले ने भी विधिक साक्षरता से संबंधित विधि विद्यार्थियों एवं अन्य संकायों के छात्रों के लिए कानून की जानकारी तथा उसके प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

### विश्व वसुंधरा दिवस की 55वीं वर्षगांठ पर पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** विश्व वसुंधरा दिवस की 55वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पीएम एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय विशेष कार्यक्रम एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. पीआर चंदेलकर के निर्देशन एवं डॉ. दुर्गेश अगासे के मार्गदर्शन में इको क्लब (हरितीमा) द्वारा आयोजित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. नीलिमा बागड़े ने अपने वक्तव्य में पृथ्वी के संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन तथा सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरल एवं प्रभावशाली भाषा में पृथ्वी से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान की ओर ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अत्यंत रचनात्मक एवं संदेशप्रद पोस्टर प्रस्तुत किए, जिनमें पृथ्वी संरक्षण को लेकर गहरी समझ और संवेदनशीलता परिलक्षित हुई।